आईआईएम डायरेक्टर ने सैनिकों के प्रति सम्मान किया प्रकट

रायपुर. भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. भारत भास्कर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. उन्होंने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी, भगत सिंह, मंगल पांडे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य सैनानियों ने हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया. उन्होंने हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति भी सम्मान प्रकट किया और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया. प्रो. भास्कर ने देश में कोरोना महामारी की स्थिति के बारे में बात करते हुए इससे धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के लिए देश की जनता को सलाम किया.

Navbharat, 17th Aug. 2020,p. 6(Rajdhani).jpg